महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव


## हिंदी विश्वविद्यालय के माघ मेला शिविर के संपूर्ति समारोह हुआ आयोजन
## शोध के ज्ञान का स्रोत है माघ मेला -प्रोफेसर बद्री नारायण

वर्धा, 22 फरवरी: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज द्वारा माघ मेले के शिविर का संपूर्ति समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जी बी पंत संस्थान के निदेशक प्रो बद्री नारायण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप डॉ. चैतन्य, योगाचार्य, विवेक सृष्टि संस्थान में मौजूद रहें। अपने वक्तव्य में प्रो बद्री नारायण ने कहा कि माघ मेला शिविर शोध के ज्ञान का स्रोत है। इस माघ मेले में सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं मीडिया की दृष्टि से शोध कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने शिविर लगाने के लिए हिंदी विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा




कि माघ मेला अपने आप में जो विभिन्न गतिविधियों का केंद्र है और इन गतिविधियों को समझने का विश्वविद्यालय का यह प्रयास काफी सराहनीय है। अपने विशिष्ट वक्तव्य में डॉ चैतन्य जी ने कहा कि हमारे पास सबसे कीमती वस्तु है हमारा स्वास्थ्य। हमें अपने स्वास्थ्य की नित्य चिंता करनी चाहिए। अपने वक्तव्य में उन्होंने हायर योग (प्राणायाम) पर चर्चा की। हर व्यक्ति को नित्य योग अभ्यास करने की जरूरत है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. दिगंबर तंगलवाड़ने कहा हमारे भारतवर्ष की संस्कृति, सभ्यता एवं अपने जीवन को समझने के लिए हमें अपने वेद एवं पुराणों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें संस्कृति के संवर्धन की जरूरत है, इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की विधिवत शुरुवात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अकादमीय निदेशक द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके उपरान्त केंद्र के अकादमिक निदेशक द्वारा प्रोफेसर बद्री नारायण,डॉ. चैतन्य एवं माघ मेला अधिकारी रमेश ओझा को शाल, सूत की माला एवं विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का स्वागत व्यक्तव्य स्त्री अध्ययन की विभागाध्यक्ष डॉ. अवंतिका शुक्ला द्वारा किया गया। उसके उपरांत डॉ. मिथिलेश कुमार तिवारी ने माघ मेला शिविर 2024 का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके उपरांत डॉ अख्तर आलम द्वारा इस पूरी

अवधि में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा वाद-विवाद, शतरंज, भाषण, निबंध बैडमिंटन में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गये। संचालन डॉ सत्यवीर द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशा मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।कार्यक्रम में डॉ अनूप कुमार, जयेंद्र जायसवाल, सुभाष श्रीवास्तव, प्रत्यूष शुक्ला, राहुल त्रिपाठी, देवमूर्ति, गीता, जीवनराम सहित विभिन्न विभागों के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।